MJC-1

28/10/25

Topic:→ संस्कृति :- विशेषता

→ संस्कृति सीखा हुआ व्यवहार है: लुण्डबर्ग के अनुसार यह सामाजिक सीख व अनुभवों पर आधारित है।

Note:→ सभी ~~xxxx~~ सीखे हुए व्यवहार संस्कृति नही होते।
→ वही सीखे हुए व्यवहार जो कि समूह की विशेषता हो।
→ किसी एक या दो व्यक्तियों का व्यवहार संस्कृति का निर्माण नही करता।

→ संस्कृति में हस्तान्तरित होने का गुण है: इसमें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के लिए हस्तान्तरित होने की विशेषता पायी जाती है।

Note:→ मनुष्य भाषा और अनेक प्रतीकों की सहायता से दूसरी पीढ़ी में इसका संचरण करते हैं।
→ पशु यह काम नही कर सकते।

→ संस्कृति समूह का आदर्श होती है: प्रत्येक समूह अपनी संस्कृति को आदर्श मानता है। चूंकि इसका निर्माण सामूहिक आदतों और व्यवहार के ढंगों से होता है तथा इन व्यवहारों में समूह के आदर्श नियम घुले-मिले होते हैं अतः यह समूह के लिए आदर्श बन जाती है। प्रत्येक व्यक्ति दूसरे समाजों की संस्कृति की तुलना में अपनी संस्कृति को अधिक उच्च और अलौकिक समझता है।

→ संस्कृति में सामाजिकता का गुण होता है: संस्कृति का निर्माण सम्पूर्ण समूह के व्यवहारों से होते हैं तथा इसपर सम्पूर्ण समूह का अधिकार होता है। अतः इसमे सभी सामाजिक गुणों का समावेश होता है जैसे- प्रथा, परम्परा, धर्म, कानून, लोकाचार, ~~xx~~ जनरीति, आविष्कार, कला, साहित्य, भाषा आदि।

PDF by
Dr. Nitish Vardhan
Sociology